# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्याः लविवि / 1030 / 22
दिनांकः 26.03.2022

**सेवा में,**
प्राचार्य / प्राचार्या
नोडल / परीक्षा केन्द्र–सत्र 2021–22
(सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई एवं रायबरेली)
सहयुक्त लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ।

**महोदय / महोदया,**

कृपया अवगत कराना है कि सत्र 2021–22 की प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर 2021 की परीक्षाओं हेतु नोडल / परीक्षा केन्द्रों की सूची घोषित कर दी गयी है। नोडल / परीक्षा केन्द्रों की बिस्तृत सूची लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in. पर उपलब्ध है।

समस्त निर्धारित नोडल / परीक्षा केन्द्रों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षाओं के सफल एवं सुचितापूर्ण संचालन हेतु अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित संलग्न अडरटेकिंग दिनांक 27.03.2022 तक अनिवार्य रूप से परीक्षा नियंत्रक की ई0मेल coe@lkouniv.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**भवदीय,**

**संलग्नकः यथोक्त।**

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः** उपरोक्त।

**प्रतिलिपि**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद।
3. कुलसचिव।
4. समिति के सदस्यगण।
5. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## निर्धारित नोडल/परीक्षा केन्द्रों से लिया जाने वाला अंडरटेकिंग।

- जिन अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है उनके प्रवेश द्वारा सहित प्रत्येक परीक्षा में वायस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरा एवं रिकार्डिग हेतु डी0वी0आर0 तथा पारदर्शितापूर्ण नकल विहीन परीक्षा कराये जाने महाविद्यालय एवं उसकी वेबकास्टिंग द्वारा मनीटरिंग किये जाने के उद्देश्य से वायस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे के डी0वी0आर0के साथ राउटर लगा है।
- परीक्षा के आकार को दृष्टिगत रखते हुए कैमरों की संख्याए एक कक्ष में न्यूनतम दो व जहॉ कक्षहाल का आकार सामान्य से बड़ा है तो इससे अधिक कैमरे इस प्रकार स्थापित है कि सम्पूर्ण परीक्षा स्पष्ट रूप से कैमरों की कवरेज में है। प्रत्येक सी0सी0टी0वी0 कैमरे में वायस रिकार्डर एवं डी0वी0आर0 के साथ राउटर डिवाइस लगा है।
- नोडल/परीक्षा केन्द्र पर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं गोपनीयकता अक्षुण्ण रखे जाने हेतु तथा उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित एवं समुचित रख–रखाव के लिये समुचित अलमारी उपलब्ध है।
- नोडल/परीक्षा केन्द्र के चारों ओर सुरक्षित चहारदीवारी एवं मुख्य प्रवेश द्वार पर लोहे के गेट की व्यवस्था है।
- नोडल/परीक्षा केन्द्र में आधारभूत सुविधाएं फर्नीचर, विद्युत आपूर्ति, पेयजल एंव शौचालय की व्यवस्था तथा सड़क मार्ग की सुविधा उपलब्ध है।
- नोडल/परीक्षा केन्द्र पर भौतिक संसाधन युक्त पक्के लिंटर्ड कक्षों (प्रयोगशाला कक्ष, स्टाफ कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, क्रीड़ा कक्ष को छोड़कर) में उपलब्ध फर्नीचर के अनुसार एक पाली की परीक्षा में नियमानुसार व्यवस्थित रूप से बैठकर परीक्षा देने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है।
- परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रबन्धक/प्राचार्य के आवास होने के स्थिति में परीक्षा केन्द्र नही बनाया जायेगा।
- महाविद्यालय का डाटा ए0आई0एस0एच0ई0 के पोर्टल पर उपलब्ध है।
- महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति में कोई विवाद नही है।
- परीक्षा केन्द्र पर रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0. कैमरे की रिकार्डिग 60 दिनों तक सुरक्षित रखी जायेगी एवं विश्वविद्यालय को आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध करायी जायेगी, उड़नदस्ते के सदस्यों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा अवधि के किसी भी तिथि एवं विषय की परीक्षा का अवलोकन/परीक्षण हेतु उपलब्ध करा दिया जायेगा।
- परीक्षा केन्द्र के द्वारा पर ए–4 साइज के पेपर पर परीक्षा कक्ष में तैनात कक्ष निरीक्षकों के फोटोयुक्त विवरण यथा–नाम, पदनाम, अध्यापन का विषय आदि का विवरण प्रत्येक पाली में उपलब्ध कराया जायेगा।
- परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा से सम्बन्धित व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी।
- परीक्षा केन्द्र पर किसी भी दशा में तम्बू कनात लगाकर या खुले में परीक्षा आयोजित नही की जायेगी।